## नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

### अवधि 01-04-2023 से 31-03-2024

### भाग-एक

1. **प्रारम्भिक**

(क) ग्याहरवें वित आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) मे संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या: 1-376/81-फिन(एल.ए.) खण्ड-IV दिनाँक 16-10-2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, नगर पंचायत बैजनाथ, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के अवधि 04/2023 से 03/2024 के लेखों का अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अवधि 4/2023 से 3/2024 के दौरान नगर पंचायत बैजनाथ में प्रधान व सचिव के पद पर निम्नलिखित पदाधिकारी कार्यरत रहे:-**

**प्रधान**

| क्र०स० | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कांता देवी | 01-04-2023 से 31-03-2024 |

**सचिव/आहरण व संवितरण अधिकारी**

| क्रम संख्या | पदाधिकारियों के नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री प्रदीप दीक्षित | 01-04-2023 से 12-04-2023 |
| 2. | श्री आदित्य चौहान | 13-04-2023 से 31-03-2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

नगर पंचायत बैजनाथ के अवधि 04/2023 से 03/2024 के अंकेक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है : -

| क्रम संख्या | अनियमितताओं का सार | पैरा संख्या | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | रोकड़ बही का बैंक से मिलान न करने के कारण भारी अंतर | 4(क) (i) व 4(ख) (i) | 28.06 |
| 2 | बैंक द्वारा सावधि जमा से टी०डी०एस० की कटौती करने बारे | 6 (i) | 2.97 |
| 3 | अनुदान की अनुपयुक्त राशि का शेष पाया जाना | 7(क) | 5.80 |
| 4 | अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी न करना | 7 (ग ) | 716.37 |
| 5 | दुकानों के किराए की बकाया राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 9(क) | 42.87 |
| 6 | मोबाईल टावर की नवीनीकरण शुल्क की वसूली शेष पाया जाना | 11(क) | 7.45 |
| 7 | घर-घर से कूड़ा-कर्कट की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 12 | 19.82 |
| 8 | निर्माण कार्य करवाने हेतु अधिक भुगतान करने बारे | 13.1 | 1.21 |
| 09 | स्ट्रीट लाईट्स क्रय करने पर अनियमित भुगतान | 14 | 4.78 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट –"क"** पर दर्शाई गई है । गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कार्रवाई करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या- 35 दिनाँक 29-04-2024 द्वारा अवगत करवाया गया जिस के उपरान्त संस्थान द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई जोकि संस्थान की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदन कार्रवाई हेतु प्रेषित ही नही किये । अतः नगर पंचायत शेष लम्बित पैरों के निपटारे हेतु उचित

कार्रवाई अमल में लाते हुए तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से यथा समय इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

**भाग - 2**

**2 वर्तमान अंकेक्षण**

नगर पंचायत बैजनाथ के लेखों अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 का अंकेक्षण कार्य श्री केवल सिंह, सहायक नियंत्रक द्वारा दिनाँक 20-04-2024 से 24-05-2024 तक नगर पंचायत बैजनाथ के कार्यालय में किया गया। जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये हैं । लेखों की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए मासों का चयन निम्न प्रकार से किया गया।

| **वित्तीय वर्ष** | **आय की विस्तृत जांच हेतु चयनित मास** | **व्यय की विस्तृत जांच हेतु चयनित मास** |
|---|---|---|
| 2023-24 | 09/2023 | 12/2023 |

**अस्वीकरण:-** इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो प्रदान नहीं की गई हैं, के लिए हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। विभाग की जिम्मेवारी केवल विस्तृत जांच हेतु चयनित माह तक ही सीमित है।

**3. अंकेक्षण शुल्क**

नगर पंचायत बैजनाथ के अवधि 4/2023 से 3/2024 के लेखों के अंकेक्षण हेतु ₹21000 /- के अंकेक्षण शुल्क का आंकलन किया गया जिस बारे सचिव नगर पंचायत बैजनाथ को सहायक नियंत्रक की अंकेक्षण अधियाचना संख्या: एस.ए.डी./के.जी.आर./2024 -49, दिनाँक 24-05-2024 के माध्यम से अंकेक्षण शुल्क की रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग को प्रेषित करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसकी अनुपालना में संस्था द्वारा अंकेक्षण शुल्क बैंक ड्राफ्ट संख्या – 055073 के माध्यम से दिनाँक 18-06-2024 को

निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला -09 को प्रेषित कर दिया गया है।

4 **वित्तीय स्थिति :-**

नगर पंचायत बैजनाथ अवधि 04/23 से 03/2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है :-

**(क) स्वः-स्रोत रोकड़ बही :- (अनुदान सहित) (परिशिष्ट 'ख')**

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | अनुदान (₹) | अन्य आय (₹) | स्व: स्रोत से आय (₹) | ब्याज की राशि (₹) | कुल राशि (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2023-24** | 3185285 | 944000 | 621900 | 3104841 | 479378 | **8335404** | 3539425 | 4795979 |

दिनाँक 31.03.24 को रोकड़ बहियों में अन्तिम शेष : ₹47,95,979.00

दिनाँक 31.03.24 को बैंक खातों में शेष : ₹42,43,033.00

Bank A/c No. 5073101001383 (CANARA Bank, Baijnath)

अन्तर : ₹5,52,946.00

**(i) रोकड़ बही का बैंक खातों से नियमानुसार मिलान न करना :-**

अंकेक्षण अवधि 2023-24 के दौरान पाया गया कि स्वः-स्रोत की रोकड़ बही के शेषों का बैंक में जमा राशि से मिलान नहीं किया गया था, जबकि हिमाचल प्रदेश वित्त नियम 1971 के नियम 2.2 के अनुसार प्रत्येक माह के अन्त में रोकड़ बही के शेषों का बैंक के शेषों से मिलान करना अनिवार्य था। अतः नगर पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों का बैंक खाते से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित है, जिस कारण से दिनाँक 31.03.24 को रोकड़ बही में दर्ज प्रविष्टियों के अनुसार स्वः-स्रोत एवं नगर पंचायत की रोकड़ बही एवं बैंक के अन्तिम शेष में ₹5,52,946.00 का अन्तर पाया गया, जिस बारे स्थिति स्पष्ट करें एवं नगर पंचायत की रोकड़ बही के शेषों से बैंक खातों के शेष के साथ मिलान किया जाना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाएँ।

(ख) अनुदान रोकड़ बही :- (स्वः स्रोत सहित) (परिशिष्ट 'ग' )

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | अनुदान (₹) | अन्य आय (₹) | स्वः स्रोत से आय (₹) | ब्याज की राशि (₹) | निक्षेप कार्य (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 178813474 | 70498607 | 919118 | 7496716 | 257727915 | 374450 | 68630318 | 188723147 |

दिनाँक 31.03.24 को रोकड़ बहियों में अन्तिम शेष : ₹18,87,23,147.00

दिनाँक 31.03.24 को बैंक खातों में शेष : ₹19,09,75,914.90

अन्तर : ₹22,52,767.90

| क्रमांक संख्या | खाता संख्या एवं बैंक का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | Account No. 30740110006115 (UCO Bank Paprola) | 7,30,49,936.89 |
| 2 | Account No. 30740110021545 (UCO Bank Paprola) | 5,70,68,064.00 |
| 3 | Account No. 12550110042861 (UCO Bank Paprola) | 2,35,702.00 |
| 4 | Account No. 30740110021378 (UCO Bank Paprola) | 184.75 |
| 5 | Account No. 30740110021859 (UCO Bank Paprola) | 0 |
| 6 | Account No. 30740110021361 (UCO Bank Paprola) | 0 |
| 7 | Account No. 50100194638127(HDFC bank Baijnath) | 1,53,00,659.65 |
| 8 | Account No. 50100385501270(HDFC bank Baijnath) | 44,25,909.30 |
| 9 | Account No. 50100518295330(HDFC bank Baijnath) | 1,65,084.00 |
| 10 | Account No. 50100440347356(HDFC bank Baijnath) | 1,76,07,488.30 |
| 11 | Account No. 50100199248522(HDFC bank Baijnath) | 0 |
| 12 | Account No. 50100482017920(HDFC bank Baijnath) | 0 |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | Account No. 5073101003027(CANARA bank Baijnath) | 1 |
| 14 | Account No. 110052805815(CANARA bank Baijnath) | 71,383.00 |
| 15 | Account No. 5073101002407 (CANARA bank Baijnath) | 34,378.00 |
| 16 | Account No. 7156675828 (Indian bank Shimla) | 0 |
| 17 | FDR,s (UCO Bank Paprola) | 2,30,17,124.00 |
| | **Total** | **19,09,75,914.89** |

**(ख) (i) रोकड़ बही का बैंक खातों से नियमानुसार मिलान न करना :-**

अंकेक्षण अवधि 2023-24 के दौरान जाँच में पाया कि रोकड़ बही के शेषों का बैंक में जमा राशि से मिलान नहीं किया गया था जिसके परिणाम स्वरूप दिनाँक 31.03.2024 को मुख्य रोकड़ बही एवं बैंक पासबुक के अन्तिम शेष में ₹22,52,767.89 का अन्तर पाया गया, जबकि हिमाचल प्रदेश वित्त नियम 1971 के नियम 2.2 के अनुसार प्रत्येक माह के अन्त में रोकड़ बही के शेषों का बैंक के शेषों से मिलान करना अनिवार्य था । अतः नगर पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों का बैंक खाते से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित है । अतः रोकड़ बही उक्त नियम के अनुसार तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट करने एवं दिनाँक 31.03.2024 को मुख्य रोकड़ बही एवं बैंक पास बुक के अन्तिम शेष के अन्तर ₹22,52,767.89 बारे स्थिति स्पष्ट करें एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता को न दोहराया जाये ।

**(ii) रोकड़ बही का नियमानुसार संधारण न करनाः–**

अंकेक्षण के दौरान अभिलेखों की पड़ताल पर पाया गया कि नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला के द्वारा दो रोकड़ बहियाँ संधारित की जा रही है जिसमें एक रोकड़ बही जोकि स्वः स्त्रोत के नाम से अनुरक्षित है **(परिशिष्ट–ख)**, में अनुदानों का भी इन्द्राज किया जा रहा है, इसी तरह अनुदानों की रोकड़ बही के नाम से दूसरी रोकड़ बही में स्वः स्त्रोत की आय का भी इन्द्राज किया जा रहा है **(परिशिष्ट–ग)** उपरोक्त के अतिरिक्त अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई अनुदानों की विवरणिका जोकि पैरा संख्या 6 में वर्णित है, एक अलग ही स्थिति को

परिलक्षित करती है। अतः उपरोक्त अनियमितता के कारण संस्था की वास्तविक वित्तीय स्थिति परिलक्षित नहीं हो पा रही है।

अतः अंकेक्षण के द्वारा यह सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त मामले में विभागीय स्तर पर पड़ताल की जाए एवं सरकारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप रोकड़ बहियों का संधारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। ताकि स्वः स्त्रोत व अनुदान शेष की वास्तविक स्थिति का पता लग सके।

### (ग) तुलन पत्र (Balance Sheet) तैयार न करना व दोहरी लेखा पद्धति को लागू न करने के कारण लेखों का सत्यापन न कर पाना:-

निदेशक, शहरी विकास हिमाचल प्रदेश के पत्र सं .UD –H(C)-15-49/2003-III 3332-3379 Dt. 25.03.2009, UD –H(C)-15-49/2003-III 9337-9385 Dt. 07.09.2009, और पत्र सं .UD–H(C)-15-9/2003-IV 5215-63 Dt. 19.07.2010 द्वारा सभी नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिये गए थे कि लेखा खातों को दिनाँक 01.04.2009 से दोहरी लेखा पद्धति (Double Entry System on Accural Basis) से रख-रखाव किया जाए किन्तु वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखा खातों को नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा उक्त आधार पर तैयार नहीं किया गया था इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा अंकेक्षण अवधि 2023-24 हेतु तलपट (Trial Balance) व तुलन पत्र (Balance Sheet) के आधार पर भी लेखा खाते तैयार नहीं किये गये थे जिस कारण संस्था के लेखा खातों का तलपट (Trial Balance) व तुलन पत्र(Balance Sheet) के आधार पर सत्यापन नहीं किया जा सका। अंकेक्षण अवधि के दौरान नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा अपने लेखा खातों को एकल पद्धति के आधार पर बनाया गया था जिसका सत्यापन अंकेक्षण के दौरान कर लिए गया है । इस अनियमितता बारे सचिव नगर पंचायत बैजनाथ को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-38 दिनाँक 30-04-2024 व 48 दिनाँक 24 -05-2024 द्वारा पुन :स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था। जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी उत्तर नहीं दिया गया जोकि संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है । अत :निदेशक, शहरी विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के निर्देशों की अवहेलना कर के लेखों को दोहरी लेखा पद्धति (Double Entry System on Accural Basis) के स्थान पर एकल लेखा पद्धति के आधार पर बनाये जाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए एवं

सरकार के निर्देशानुसार लेखों को दोहरी पद्धति (Double Entry System on Accural Basis) के आधार पर बनाया जाना तुरंत सुनिश्चित किया जाए तथा कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(घ) पैंशन निधि**

**(i)** नगर पंचायत बैजनाथ की पैंशन निधि की अवधि 01-04-2023 से 31-03-2024 तक की वित्तीय स्थिति निम्नलिखित है जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट" -05"** में भी दिया गया है-:

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **वर्ष के दौरान प्राप्त अनुदान (₹)** | **व्याज (₹)** | **कुल राशि (₹)** | **वर्ष के दौरान व्यय (₹)** | **अन्तशेष (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 2668504 | 543977 | 75341 | 3287822 | 586424 | 2701398 |

**(ii) पैंशन निधि के रख-रखाव हेतु रोकड़ बही तैयार न करना :-**

अंकेक्षण के दौरान जांच में पाया कि नगर पंचायत में दिनाँक 29.10.2020 को पैंशन निधि के रख-रखाव हेतु केनरा बैंक बैजनाथ में खाता संख्या 5073101004106 खोला गया था एवं दिनाँक 31.03.2024 को इस खाते में ₹27,01,398.00 की राशि जमा थी लेकिन इस राशि का रख-रखाव रोकड़ बही में नहीं किया गया था । अतः शीघ्र पैंशन की रोकड़ बही तैयार करना सुनिश्चित करें एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**(ड०) ग्रेच्युटी निधि :-**

नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा अंकेक्षण अवधि 01-04-2023 से 31-03-2024 तक ग्रेच्युटी निधि की वित्तीय स्थिति से सम्बन्धित कोई भी अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नही किया। इस अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 28 दिनाँक 22-04-2024 द्वारा वस्तु स्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाए जाने बारे अनुरोध किया गया था । इस संबंध में सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ के द्वारा कोई भी प्रतिउत्तर अंकेक्षण के समाप्ति तक नहीं दिया गया। अतः ग्रेच्युटी निधि की वित्तीय स्थिति से सम्बन्धित पूर्ण अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**5 नगर पंचायत के गत तीन वर्षों के आय –व्यय का विवरण :-**

नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार पंचायत के गत तीन वर्षों की आय व व्यय का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| वित्तीय वर्ष | स्वः -स्रोत से आय ( ₹) | अनुदान राशि ( ₹) | कुल व्यय (₹) |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 9834162 | 76985230 | 66344838 |
| 2022-23 | 10219249 | 84399816 | 80216939 |
| 2023-24 | 3584219 | 71442607 | 74439651 |

**6 निवेश :-**

नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला द्वारा दिनाँक 31.03.2024 तक ₹2,30,17,124.00 सावधि जमा में निवेशित किए गए थे, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "ग"** में दिया गया है । अतः सावधि जमा को नियत तिथि को भुनाया या पुनः निवेश किया जाना सुनिश्चित किया जाये ।

**(i) बैंक द्वारा सावधि जमा से TDS के रूप में ₹2.97 लाख की कटौती करने बारे:-**

अंकेक्षण के दौरान पाया कि बैंक द्वारा नगर पंचायत की निधि से सावधि जमा के रूप में निवेशित राशि के नवीनीकरण के दौरान TDS के रूप में कटौती की गई थी लेकिन नगर पंचायत के अधिकारियों द्वारा इस बारे कोई भी कार्रवाई नहीं की गई जिस कारण नगर पंचायत को TDS के रूप में ₹2,96,982.00 की हानि हुई । अतः उक्त मामला सम्बन्धित बैंक से उठाया जाये एवं आयकर की कटौती की राशि को शीघ्र वापिस प्राप्त करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाएँ एवं भविष्य में इस प्रकार की कटौतियों पर यथासमय कार्रवाई करना भी सुनिश्चित करें । TDS की कटौती का विवरण निम्नलिखित है :-

| Name of Bank | FDR No/ Account Number | Invested Amount (₹) | Date of Investment | Maturity Value (₹) | Date of Maturity | Rate of Interest | TDS (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| UCO Bank, Paprola | 921995/ 30740310006283 | 21858308 | 16.09.22 | 23314106.48 | 16.09.23 | 6.5% | - |
| | | **23017124** | 16.09.23 | 24610551.08 | 16.09.24 | 6.75% | 296982 |

**7 अनुदान :-**

**(क)** नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला की अंकेक्षणाधीन अवधि 04/23 से 03/24 तक प्राप्त अनुदान राशियों व व्यय की गई राशियों तथा अनुदान के अन्तशेष राशि की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी, जिनका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट 'घ' पृष्ठ 1-3** में दिया गया है ।

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | अनुदान (₹) | कुल राशि (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 58167391 | 71442607 | 129609998 | 71636765 | 57973233 |

विभिन्न शीर्षकों के अन्तर्गत अनुदान प्राप्त विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त राशि में से दिनाँक 31.03.2024 को ₹5,79,73,233.00 की राशि अनुपयुक्त पड़ी थी, जबकि अनुदानों से संबन्धित स्वीकृत पत्रों के अनुसार यह राशियाँ आमतौर पर एक अथवा दो वर्ष के भीतर उपयोग की जानी अपेक्षित होती है । अतः अनुपयोग इन अनुदान राशियों को समयबद्ध उपयोग न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए एवं अनुपयोग राशियों को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात उन्हीं उद्देश्य जिन हेतु यह राशियाँ प्राप्त हुई थी, व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण संबन्धित विभाग को किया जाये एवं अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए ।

**(ख) अनुदानों से व्यय राशि ₹716.37 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करना :-**

अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट "4 (घ)"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान अनुदानों में से ₹71636765/-का व्यय दर्शाया गया था लेकिन दिनाँक 31-03-2024 तक अनुदानों के व्यय से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गये जिसके अभाव में अनुदानों के उपयोग का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव नहीं हो सका। उपयोगिता प्रमाण पत्र सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-28 दिनाँक 22-04-2024 व 48 दिनाँक 24-05-24 द्वारा पुनः स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था। इस संबंध में सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ के द्वारा कोई भी प्रतिउत्तर अंकेक्षण के समाप्ति तक नहीं दिया गया। अत: वर्णित उपयोगिता प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत करना तथा अन्य सरकारी अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग को जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**(ग) अनुदान रजिस्टर का रख-रखाव न करना :-**

अंकेक्षण में पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख –रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अत: भविष्य में नियमों के अनुसार अनुदान रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण की सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए। अनुदान रजिस्टर सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने वारे सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ को अंकेक्षण अधियाचना संख्या- 43 दिनाँक 07-05-2024 व 48 दिनाँक 24-5-24 द्वारा पुनः स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था। इस संबंध में सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ के द्वारा कोई भी प्रतिउत्तर अंकेक्षण के समाप्ति तक नहीं दिया गया। अत : अनुदानों का वर्ष वार रजिस्टर तैयार करके सत्यापन हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**8 गृहकर :-**

**(क) गृहकर का निर्धारण व वसूली न करने के कारण राजस्व की हानि:-**

अधिसूचना संख्या -UD -A(1)-1/2012 दिनाँक 19-01-2015 के अंतर्गत नगर पंचायत बैजनाथ के अस्तित्व में आने के आठ वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् भी हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 72 के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में निर्मित मकानों /भवनों के मालिकों की गृह कर की वसूली हेतु गृह कर के निर्धारण से सम्बन्धित कोई भी कार्रवाई अमल में नही लाई गई थी जिससे नगर पंचायत को लाखों रुपये की राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है जबकि नगर पंचायत की आय का मुख्य साधन गृह कर है जिससे प्राप्त आय को वहां की जनता की सुविधाओं के लिए उपयोग किया जाता है। अतः इसकी नियमित तौर पर निर्धारण व वसूली की जानी जरुरी है। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैर संख्या -09 द्वारा भी गृह कर के निर्धारण से सम्बन्धित औपचारिकताएं पूर्ण करके गृह कर की वसूली करने का परामर्श दिया गया था परन्तु नगर पंचायत द्वारा गृह कर के निर्धारण से सम्बन्धित कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई थी जोकि एक गम्भीर अनियमितता है। इस अनियमितता बारे नगर पंचायत बैजनाथ को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-30 दिनाँक 22-04-2024 व 48 दिनाँक 24-5-24 द्वारा पुनः स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था। इस संबंध में नगर पंचायत बैजनाथ के पत्र संख्या शून्य दिनाँक शून्य द्वारा दिया गया प्रतिउत्तर कि उचित कार्रवाई करके वर्ष 2024-25 में गृहकर का निर्धारण व वसूली सुनिश्चित की जाएगी उचित प्रतीत नहीं होता है। अत :गृह कर की नियमित तौर पर निर्धारण व वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9 दुकानों के किराये से आय**

**(क) दुकानों के किराये की बकाया ₹42.87 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना :-**

नगर पंचायत द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर दुकानों/स्टालों/खोखों आदि का निर्माण किया गया है तथा उन्हें किराये/पटे पर चढ़ाया गया है तथा इनका किराया पंचायत की आय का मुख्य स्रोत है। नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा उपलब्ध कारवाई गई सूचना के अनुसार जिसका संक्षिप्त विवरण

ANNUAL REPORT

निम्नलिखित प्रकार से दिया गया है। दिनाँक 31-03-2024 तक दुकानों/खोखों के किराये के रूप में निम्न विवरणानुसार ₹4287155/- की वसूली हेतु लम्बित थी। इसका विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "च"** में भी दिया गया है | जबकि निदेशक, शहरी विकास विभाग के पत्र संख्या यू.एल.बी.एच.ए.(7)-1/87-9237/9284 दिनाँक 20-06-2001 द्वारा करों की शत प्रतिशत वसूली को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये गए थे। लेकिन सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाये गए जोकि एक चिंता का विषय है। इस राशि के वसूल न करने बारे सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-36 दिनाँक 30-04-2024 व 48 दिनाँक 24-5-24 द्वारा पुनः स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था। इस संबंध में नगर पंचायत बैजनाथ के द्वारा कोई भी उत्तर अंकेक्षण के समाप्ति तक नहीं दिया गया। अत: दुकानों के किराये की नियमित तौर पर वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| Financial Year | Opening Balance | No of Shops | Demand | Total | GST & Intrest | Total | Collection | % | Closing Balance |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 3454362 | 29 | 111600 | 3565962 | 725953 | 4291955 | 4800 | 0.01 | 4287155 |

## (ख) दुकानों के अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत न करने बारे :-

वर्तमान अंकेक्षण के दौरान बार-2 आग्रह करने पर भी दुकानों के अनुबन्ध पत्र आवश्यक अंकेक्षण हेतु नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा अंकेक्षण की समाप्ति तक प्रस्तुत नहीं किये गये जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि नगर पंचायत द्वारा वर्णित अनुबन्ध पत्रों का रख-रखाव सही ढंग से नहीं किया गया है | उपरोक्त के सन्दर्भ में सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-41 दिनाँक 07-05-2024 व 48 दिनाँक 24-5-24 द्वारा पुनः स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था इस संबंध में सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा कोई भी प्रतिउत्तर नही दिया गया। अत :शीघ्र समस्त दुकानों के अनुबंध पत्रों का नवनीकरण एवं किराये की नई दरें निर्धारित करना सुनिश्चित किया जाए ताकि नगर पंचायत की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10. बिजली बोर्ड से बिजली उपकर की प्राप्ति न करना:-**

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या LSG(B)(1)-9/94 दिनाँक 08-11-1999 एवं हिमाचल प्रदेश म्युनिसिपल अधिनियम की धारा 69 के अनुसार नगर पंचायत की सीमा के भीतर उपयोग की गई बिजली पर एक पैसा प्रति यूनिट की दर से बिजली बोर्ड द्वारा बिजली उपकर प्राप्त करके सम्बन्धित नगर पंचायत को भुगतान करना अपेक्षित है परन्तु अंकेक्षण में पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा वर्ष 2023-24 में बिजली उपकर की प्राप्ति से सम्बन्धित न तो अभिलेख का रख –रखाव किया गया था और न ही बिजली बोर्ड से उक्त अवधि हेतु देय बिजली उपकर को प्राप्त किया गया था जोकि गम्भीर वित्तीय अनयमितता है। अत: देय बिजली उपकर को सम्बन्धित बोर्ड से वसूली करके पंचायत निधि में जमा करने के अतिरिक्त सम्बन्धित अभिलेख का रख-रखाव करना भी सुनिश्चित किया जाये। तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**11 मोबाईल टावर फीस :-**

**(क) मोबाईल टावर नवीनीकरण शुल्क ₹7.45 लाख वसूली हेतु शेष :-**

निदेशक शहरी विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या UJD-H(A)(7)-1/2006-10396-10444 दिनाँक 25-09-2006 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत को अपने क्षेत्र में स्थापित मोबाईल टावर पर ₹25000 स्थापना शुल्क तथा ₹12500 प्रति वर्ष नवीनीकरण शुल्क प्राप्त करने का अधिकार है। नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा अपने क्षेत्र में स्थापित मोबाईल टावरों से कोई भी नवीनीकरण शुल्क की वसूली की जा रही थी। नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को **परिशिष्ट "घ"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन पर पाया गया कि दिनाँक 31-03-2024 तक मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस ₹745000 /-वसूली हेतु शेष थी जिस वारे सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ को अंकेक्षण अधियाचना संख्या- 42 दिनाँक 07-05-2024 व 48 दिनाँक 24-5-24 द्वारा पुनः स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था इस संबंध में सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा कोई भी प्रतिउत्तर नही दिया गया। अत: मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस की नियमित तौर पर वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**12 घर-घर से कूड़ा- करकट की बकाया ₹19.82 लाख का वसूली न करना:-**

नगर पंचायत की आय का मुख्य साधन घर-घर से कूड़ा- कर्कट भी है जिससे प्राप्त आय को वहाँ की जनता की सुविधाओं के लिए उपयोग किया जाता है। अत: इसकी नियमित तौर पर वसूली की जानी जरुरी है। नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा उपलब्ध करवाई गयी सूचना के अनुसार दिनाँक 31-03-2024 तक घर-घर से कूड़ा- कर्कट के रूप में ₹1982100/- की राशि वसूली हेतु शेष पड़ी थी। इसका विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "झ"** में भी दिया गया है।

| Financial Year | 2023-24 |
|---|---|
| Opening Balance | 0 |
| Demand | 3726450 |
| Total | 3726450 |
| Collection | 1744350 |
| Closing Balance(₹) | 1982100 |
| % | 46.80 |
| Remarks | |

इस राशि के वसूली न करने बारे सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-42 दिनाँक 07-05-2024 व 48 दिनाँक 24-05-24 द्वारा पुनः स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था। परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी उत्तर नही दिया गया जोकि उक्त संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है ।अत : घर-घर से कूड़ा- करकट की नियमित तौर पर वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**13 निर्माण कार्य**

**13.1 निर्माण कार्य Development of Bus Stand at Paprola में सविंदाकार को ₹1.21लाख का अधिक भुगतान करने बारे |**

**वॉउचर संख्या –** **46 दिनाँक 20-12-2023 (₹3,18,940)**

**अनुमानित राशि** **₹ 26,61,229 /**

**बिल राशि** **₹3,18,940** /-(Final Payment)

**कार्य का नाम** **D/O Bus Stop at Paprola, Dismantling and Construction of Bus Stand U Shape Drain etc.**

| | |
|---|---|
| अवार्ड पत्र संख्या | 805 ,दिनांक :10-10-22 |
| माप पुस्तिका संख्या/पृष्ठ संख्या | 03/70-72 |
| विल संख्या | Final Bill |
| सविंदाकार का नाम | Sh Shalabh Awasthi |

**गलत गणना किये जाने के कारण सविंदाकार को ₹121187/- का अधिक भुगतान किये जाने बारे ।**

उपरोक्त वॉउचर से "D/O Bus Stop at Paprola, Dismantling and Construction of Bus Stand U Shape Drain etc" हेतु सविंदाकार को ₹3,18,940 /- का भुगतान किया गया था। इस भुगतान की अंकेक्षण में पड़ताल करने पर पाया गया कि अनुबंध की मद संख्या 25 i.e. Kota stone slab flooring over 20mm(average) thick base laid over and jointed with grey cement slurry mixed with pigment to match the shade of the slab etc. हेतु 161.29 sq mtr @ ₹1150 प्रति sq mtr के हिसाब से कुल ₹185483 का भुगतान किया गया जबकि 55.91 sq mtr @ ₹1150 प्रति sq mtr के हिसाब से कुल ₹64296 का भुगतान किया जाना अपेक्षित था । अत: ₹121287/- (₹185483 - ₹64296 )के अधिक भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए। अन्यथा अधिक भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

इसके अतिरिक्त बस स्टेंड को गिराने पर पुरानी सामग्री की लागत ₹12000 की अंतिम बिल से कटौती की गई है जबकि इससे सम्बन्धित पुरानी सामग्री की स्टॉक प्रविष्टि /अनुमानित लागत का अभिलेख अंकेक्षण में पड़ताल हेतु प्रस्तुत नही किया गया जोकि संदिग्ध प्रतीत होता है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या –39 दिनाँक 06-05-2024 व 48 दिनाँक 24-05-2024 का सचिव नगर पंचायत बैजनाथ ने कोई भी प्रतिउत्तर नही दिया गया। अत: अधिक भुगतान ₹121287/- की वसूली उचित स्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए और पुरानी सामग्री की स्टॉक प्रविष्टि /अनुमानित लागत का

अभिलेख भी आगामी अंकेक्षण में पड़ताल हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए ।

**14 Street Lights क्रय करने पर ₹4.78 लाख का अनियमित भुगतान करने बारे :-**

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 12/2023 के वाउचरों की पड़ताल उपरांत पाया गया नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा वॉउचर संख्या 57 , दिनाँक 22-12-2023 को M/S Mamaria Electrical & General Supplier Baijnath को उनके बिल संख्या 2264 दिनाँक 07-12-2023 द्वारा ₹478080 का भुगतान 192 @ ₹2480 (including18% GST) सोलर स्ट्रीट लाईट्स क्रय करने हेतु किया गया है जिसमें निम्न अनियमितता पाई गई है :

1. नगर पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव जिसके अंतर्गत सोलर लाईट्स क्रय की गई अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किया गया।

2. क्रय की गई 192 नo सोलर लाइट्स जिनकी लागत चूँकि ₹1 लाख से अधिक है अतः हिमाचल प्रदेश सरकार वित्त विनियमन विभाग के पत्र संख्या -फिन (3)ए(सी)5/2005,दिनाँक 12-08-2009 के नियम 102 व 103 के प्रावधानुसार को अपनाया जाना चाहिए था लिमिटिड टैंडर की प्रक्रिया विज्ञापितपरन्तु नगर पंचायत द्वारा विज्ञापित लिमिटिड टैंडर की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया है जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

**3**.क्रय की सोलर लाईट्स की इंस्टालेशन रिपोर्ट भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नही की गई ।

**4.** क्रय की गई सोलर लाईट्स की स्टॉक प्रविष्टि भी अंकेक्षण में नही दिखाई गई।

अंकेक्षण के दौरान अंकेक्षण अधियाचना संख्या 47 दिनाँक 20-05-2024 व 48, दिनाँक 24-05-2024 द्वारा पुनः स्थिति स्पष्ट करने हेतु सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ से अनुरोध किया गया लेकिन सचिव द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया । जोकि संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है। अत : इसका शीघ्रउत्तर दिया जाना सुनिश्चित किया जाये एवं उक्त अनियमित भुगतान को सक्षम अधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति लेकर नियमित करवाया जाए व क्रय की गई स्ट्रीट्स लाइट्स की इंस्टालेशन रिपोर्ट तथा स्टॉक रजिस्टर भी दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

ANNUAL REPORT

अन्यथा अनियमित भुगतान की उचित स्त्रोत से बसूलीकी जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से लेखा परीक्षा कोअवगत करवाया जाए।

**15 यात्रा भत्ते ₹6900/- का नियमों के प्रतिकूल अधिक भुगतान करने बारे**

हिमाचल प्रदेश के कार्यालय आदेश संख्या O.M. No-6-4/74 Fin (Reg, Dated the 25th, April 1975 read with O.M.No-Fin(C) B (7)-14/98,dated 08-12-98 द्वारा यात्रा भत्ते दावे को नियमित करने सम्बंधित नियम प्रतिपादित किये गए हैं व निदेशक शहरी विकास विभाग शिमला के पत्र संख्या UD.H(C)(10)9/2000-12691-12740 dt:09-07-2012 के दृष्टिगत सभी नगर परिषदों /पंचायतों को टैक्सी किराये पर लेने अनुमति प्रदान की गई है। नगर पंचायत बैजनाथ के यात्रा भत्ते विलों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार राशि ₹6900 के यात्रा भत्ते का भुगतान सचिव नगर पंचायत बैजनाथ को टैक्सी से यात्रा के लिये अपात्र रूप से किया गया था जबकि उपरोक्त नियमों के अनुसार नगर पंचायत बैजनाथ के अवार्ड पत्र संख्या एन०पी०बी०पी०/2022 -571 दिनाँक 03-08-22 द्वारा पहले ही टैक्सी किराये पर ले रखी है तो अलग से टैक्सी से यात्रा भत्ते हेतु भुगतान नही किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त दैनिक यात्रा भत्ता ₹160 के स्थान पर ₹320 का भुगतान उचित प्रतीत नही होता है। अत :किये गये भुगतान को नियमों के दृष्टिगत न्यायोचित ठहराया जाए।

| Name & Designation | Voucher No & Date | Date of Journey | Station from where journey performed | Station to where journey performed | T.A. Drawn through Taxi which is not admissible as per rule (₹) (Taxi charges + D.A.) |
|---|---|---|---|---|---|
| Sh Aditya Chauhan Secretary | 05/15-12-23 | 14-11-23 | Baijnath | Shimla | (3450+320) =3770 |
| | | 15-11-23 | Halt at shimla | | 1x160 =160 |
| | | 16-11-23 | Shimla | Baijnath | (3450+320) =3770 |
| | | | | Total | ₹7700 |

अंकेक्षण के दौरान अंकेक्षण अधियाचना संख्या 46 दिनाँक 20-05-2024 व 48 दिनाँक 24-05-2024 द्वारा पुनः स्थिति स्पष्ट करने हेतु सचिव, नगर पंचायत बैजनाथ से अनुरोध किया गया लेकिन सचिव द्वारा कोई प्रतिउत्तर नहीं दिया गया । जोकि संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है। अतः या तो उपरोक्त अनियमितता को न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा अनियमित भुगतान की वसूली उचित स्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**16 स्थापना**

**16.1 सेवा पंजिकाओं की जांच में आपत्तियां पाई गई :-**

नगर पंचायत बैजनाथ में कार्यरत स्टाफ की सेवा पंजिकाओं की जांच करने पर पाया कि वर्ष 2023-24 सभी पंजिकाओं में विना कार्यालय आदेश के विना ही वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान की गई है जोकि गम्भीर अनियमितता है।

**17 . बही खातों (Ledger) (कार्य व स्थापना) का रख-रखाव न करने बारे :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा बही खाते (Ledger) (स्थापना एवं कार्य) का रख-रखाव नहीं किया जा रहा है; जोकि अनियमित तथा आपत्तिजनक है । बही खाता बनाए जाने का उदेश्य किसी भी समय तुरंत अनुदान/निधियों विशेष के सन्दर्भ में वित्तीय स्थिति, किये गया व्यय तथा उपलब्ध अन्तशेष की जानकारी की उपलब्धता है । इसके अभाव में संस्था द्वारा अनुदान इत्यादि से किसी कार्य विशेष तथा स्थापना से सम्बंधित किये गये व्यय व उपलब्ध अन्तशेष की सत्यता की पुष्टि करना संभव नहीं है। अत: नियमों के विरुद्ध अपनाई गई इस कार्यप्रणाली बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य के लिये इन बही खातों रख-रखाव नियमानुसार करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**18 टैंडर फ़ीस वसूली रजिस्टर का रख रखाव न करने बारे**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा टैंडर फ़ीस वसूली रजिस्टर का रख रखाव नहीं किया जा रहा है, जोकि अनियमित तथा

आपतिजनक है। इस रजिस्टर के अभाव में यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता नगर पंचायत द्वारा कितनी टेंडर फीस वास्तव में एकत्रित की गई इसकी पुष्टि नहीं की जा सकी इसके अत्तिरिक्त प्राप्त राशि के दुर्विनियोजन की सम्भावना को भी नहीं नाकारा जा सकता। अत: इस कार्यप्रणाली बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए अंकेक्षण में उक्त रजिस्टर का रख-रखाव नियमानुसार करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**19 स्टोर/स्टॉक का प्रत्यक्ष भौतिक सत्यापन न करवाना:-**

